Email : prighmcbho@mp.gov.in
Website : www.ghmcbhopalayush.in

# शासकीय होम्योपैथिक चिकित्सा महाविद्यालय एंव चिकित्सालय

आयुष परिसर, कालियासोत डेम के किनारे एम.ए.सी.टी. हिल्स भोपाल–03

**क्रमांक / स्था. / हा.जॉब / 2025 /** 9880–87 **भोपाल दिनांक :** 27/11/25

## –: सूचना :–

मध्यप्रदेश शासन, आयुष विभाग के आदेश क्रमांक / एफ–1–19 / 2013 / 59 दिनांक 02.06.2014 द्वारा गृह चिकित्सकों की नियुक्ति के लिये निर्गमित नियम के अनुसार इस चिकित्सा महाविद्यालय एवं चिकित्सालय के लिये स्वीकृत हाउस फिजीशियन (गृह चिकित्सक) के 05 पदों में मध्य प्रदेश शासन, सामान्य प्रशासन विभाग के राजपत्र (असाधारण) दिनांक 21.12.2019 द्वारा जारी किये गये रोस्टर के अनुक्रम में संचालनालय आयुष मध्य प्रदेश के परिपत्र क्रमांक / एफ–85 / 7086–95 / 2021 / 4–स्थापना दिनांक 29.11.2021 में दिये गये रोस्टर निर्देशानुसार आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है। उक्त पदों हेतु इसी महाविद्यालय से उत्तीर्ण वे स्नातक छात्र पात्र होगें जो केवल इसी चालू वर्ष इन्टर्नशिप पूर्ण कर ली हो या 31.12.2025 तक पूर्ण कर लेंगे। आवेदक अपने आवेदन पत्र सूचना पटल में चस्पा आवेदन पत्र प्रारूप से नोट कर निर्धारित प्रारूप में दिनांक 01.12.2025 से 10.12.2025 तक अर्थात (10 दिवस के अंदर) डाक द्वारा अथवा कार्यालयीन समय में उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है, **आवेदन पत्र के साथ आवेदक बी.एच.एम.एस. पाठ्यक्रम की प्रथम प्राफ, द्वितीय प्राफ, तृतीय प्राफ एवं चतुर्थ प्राफ की अंकसूची, राज्य होम्योपैथी परिषद में अंतिम पंजीयन, इंटर्नशिप पूर्णता प्रमाण पत्र व आरक्षित संवर्ग के आवेदकों को जाति प्रमाण पत्र स्वः प्रमाणित संलग्न करना अनिवार्य होगा।** यदि किसी आवेदक के आवेदन में उक्त दस्तावेज संलग्न नहीं पाये जाते हैं तो समिति द्वारा आवेदन को अमान्य किया जा सकेगा। जिसके लिये आवेदक स्वयं उत्तरदायी होगें, इन पदों पर नियुक्त होने वाले गृह चिकित्सकों को शासन नियमानुसार शिष्यवृत्ति देय होगी जो प्रत्याशी एक बार हाउस जॉब कर चुके हैं, वे पुनः आवेदन करने के पात्र नहीं होगें। चयन की प्रक्रिया शासन आदेश दिनांक 02.06.2014 के अनुसार की जायेगी तथा गृह चिकित्सकों की नियुक्ति 01.01.2026 से 31.12.2026 तक एक वर्ष के लिये होगी। विस्तृत जानकारी तथा आवेदन पत्र का प्रारूप महाविद्यालय की वेबसाईट www.ghmcbhopalayush.in से डाउनलोन कर आवेदन पत्र प्रस्तुत करें।

(डॉ. एस. के. मिश्रा)
प्रधानाचार्य एवं सी.ई.ओ.
शासकीय होम्योपैथिक चिकित्सा महाविद्यालय
एंव चिकित्सालय भोपाल म.प्र.

क्रमांक / स्था. / हा.जॉब / 2025 / 9880–87
भोपाल दिनांक : 27/11/25

प्रतिलिपि :– सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।

1. प्रमुख सचिव महो., मध्यप्रदेश शासन, आयुष विभाग मंत्रालय, भोपाल।
2. आयुक्त महोदय संचालनालय आयुष, सतपुड़ा भवन भोपाल म.प्र.।
3. आयुक्त महोदय भोपाल संभाग भोपाल एवं माननीय अध्यक्ष स्वशासी कार्यकारिणी समिति।
4. अधीक्षक, चिकित्सालय आयुष परिसर भोपाल।
5. डॉ. अनंत सिंह गौर, स्थानीय महाविद्यालय चिकित्सालय भोपाल की ओर भेजकर लेख है कि सूचना को महाविद्यालय की वेबसाईट पर अपलोड करने का कष्ट करें।
6. कॉलेज कक्ष / लेखा / छात्रवृत्ति, स्थानीय महाविद्यालय–चिकित्सालय, भोपाल।
7. नोटिस बोर्ड महाविद्यालय–चिकित्सालय भोपाल में प्रदर्शनार्थ।

प्रधानाचार्य एवं सी.ई.ओ.
शासकीय होम्योपैथिक चिकित्सा महाविद्यालय
एंव चिकित्सालय भोपाल म.प्र.